भारत सरकार

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय

उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 306

मंगलवार, 21 जुलाई, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

भारतीय कंपनियों द्वारा संयुक्त राज्य अमेरिका में किया गया निवेश

306. श्री राजीव राय:

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान भारतीय कंपनियों द्वारा संयुक्त राज्य अमेरिका में निवेश की राशि, सृजित किए जाने वाले रोजगार आदि सहित किए गए या करने के लिए घोषित किए गए निवेशों का कंपनी-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या ऐसी किसी कंपनी को सरकार से कोई राजकोषीय प्रोत्साहन आदि प्राप्त हुआ है और और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने घरेलू उद्योग/रोजगार आदि पर ऐसे विदेशी निवेशों के प्रभाव का कोई आकलन किया है और यदि हाँ, तो इसके क्या निष्कर्ष निकले हैं; और

(घ) क्या सरकार ने इसके घरेलू निवेश, रोजगार आदि पर प्रतिकूल प्रभाव को रोकने के लिए भारत में तदनुरूपी निवेश को बढ़ावा देने हेतु ऐसी कंपनियों के साथ कोई संपर्क या चर्चा की है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री जितिन प्रसाद)

(क) से (घ): भारत सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक तथा अन्य हितधारकों से परामर्श कर विदेशी निवेश संबंधी नियमों एवं विदेशी निवेश विनियमों को सरल बनाने के लिए एक व्यापक कार्यक्रम शुरू किया है। इसके परिणामस्वरूप दिनांक 22 अगस्त, 2022 को विदेशी मुद्रा प्रबंधन (विदेशी निवेश) नियम, तथा विदेशी मुद्रा प्रबंधन (विदेशी निवेश) विनियम, 2022 को अधिसूचित किया गया।

विदेशी मुद्रा प्रबंधन (विदेशी निवेश) नियम, 2022 में विदेशों में निवेश करने वाली कंपनियों को प्रोत्साहन प्रदान करने का कोई उल्लेख नहीं है। उदारीकृत ओडीआई नियमों के कारण होने वाला बहिर्वाह निवेश भारतीय संस्थाओं को विदेशों में अपने व्यावसायिक विस्तार को बढ़ाने तथा वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम बना रहा है, जो दीर्घावधि में भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगा।

भारत द्वारा संयुक्त राज्य अमेरिका में किए गए विदेशी निवेश (क्षेत्रवार एवं वर्षवार) का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

*****

अनुबंध

दिनांक 21.07.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 306 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

पिछले 5 वर्षों के दौरान भारत से संयुक्त राज्य अमेरिका में क्षेत्रवार ओडीआई बहिर्वाह

(मिलियन अमेरिकी डॉलर में)

क्षेत्र	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**	**2024-25**	**2025-26**	**कुल**
वित्त, बीमा और व्यापार सेवाएं	1,250.99	1,118.58	1,703.34	1,805.20	2,718.52	8,596.63
विनिर्माण	1,056.35	453.8	580.16	810.73	691.48	3,592.52
समुदाय, सामाजिक और व्यक्तिगत सेवाएं	1,030.13	47.54	184.35	366.79	248.34	1,877.15
थोक, खुदरा व्यापार, रेस्तरां और होटल	230.37	372.43	179.67	416.64	386.79	1,585.90
निर्माण	37.66	47.89	28.55	36.32	18.27	168.69
परिवहन, भंडारण और संचार सेवाएं	14.97	14.38	8.01	1.85	15.27	54.48
कृषि और खनन	2.65	3.91	2.68	4.51	2.08	15.83
विविध	2.85	1.83	0	0	1	5.68
बिजली, गैस और पानी	0.18	0.11	2.28	0.68	0.51	3.76
कुल	**3,626.15**	**2,060.47**	**2,689.04**	**3,442.72**	**4,082.26**	**15,900.64**

स्रोत: आरबीआई

*****